**कार्यालय नगर निगम, देहरादून।**
**निविदा सूचना**

नगर निगम देहरादून के पशुवधशाला पर पशुओं के निश्चेतन हेतु Stungun की आपूर्ति हेतु इच्छुक आवेदकों से दिनांक 26.02.2019 अपराह्न 3:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत सूचना दिनांक 25.02.2019 तक नगर निगम के वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित अवधि के उपरांत किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।

## कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

पत्रांकः– 249(V) दिनांकः– 02/02/19

1. सम्पादक **राष्ट्रीय सहारा** को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपनी व्यवसायिक दरों में **30 प्रतिशत** छूट देते हुए सामाचार पत्र के आगामी अंक में 30sqcm साईज़ में प्रकाशित करते हुए बिल भुगतान हेतु दो समाचार पत्र प्रति सहित नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. सम्पादक **हिन्दुस्तान** को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपनी व्यवसायिक दरों में **30 प्रतिशत** छूट देते हुए सामाचार पत्र के आगामी अंक में 30sqcm साईज़ में प्रकाशित करते हुए बिल भुगतान हेतु दो समाचार पत्र प्रति सहित नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. आई0टी0 अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना नगर निगम की वेब साईट पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. नगर निगम नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।

## नगर निगम, देहरादून (पशुचिकित्सा अनुभाग)
## नगर निगम, देहरादून के पशुवधशाला पर पशुओं के निश्चेतन हेतु Stungun की आपूर्ति हेतु निविदा की शर्ते

1. निविदा सम्बन्धी जानकारी निगम के वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय से दिनाँक 25.02.2019 तक किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते हैं तथा कार्य के सम्बन्ध में कोई अन्य आवश्यक सूचना भी प्राप्त कर सकते हैं। निविदा फार्म कय किये जाने के उपरांत यह समझा जायेगा कि आपूर्तिकर्ता ने कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है। निविदाएँ दिनाँक 26.02.2019 की शाम 3:00 बजे तक जमा करनी होंगी जो दिनाँक 26.02.2019 को सांय 4:00 बजे खोली जाएंगी।
2. निविदाओं पर निर्णय नगर आयुक्त अथवा निगम द्वारा इस आशय से अधिकृत किसी अधिकारी द्वारा किया जायेगा। निविदा नोटिस में दिये गए निर्धारित समय पर निविदा खोली जोयगी, यदि फर्म चाहे तो निविदा खोलने के समय उपस्थित हो सकते हैं।
3. निविदादाता निविदा को लिफाफें में सीलबंद कर जमा करेंगे जिसपर साफ अक्षरों में "पशुवधशाला पर Stungun आपूर्ति की निविदा" लिखा होगा। बगैर सील बन्द निविदा निरस्त कर दी जायेगी। निविदा नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के नाम से प्रेषित की जायेगी। किसी अन्य अधिकारी के नाम निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी।
4. निविदा में उपकरण की विशिष्टता Warranty/Guaranty व Specification संबंधी सूचना प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता द्वारा भरे हुए निविदा प्रपत्र के साथ रू0 10,000/– की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम, देहरादून के नाम प्लेज (Pledge) हो धरोहर राशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है।
6. फर्म का विगत 3 वर्ष का औसत Turnover Rs. 20 लाख प्रतिवर्ष होना चाहिये, जिसका प्रमाण–पत्र साक्ष्य सहित व पैन नम्बर, टेन नम्बर, टिन नम्बर, जी0एस0टी0 नम्बर के प्रमाण–पत्र यथावश्यक निविदा के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा।
7. विगत 3 वर्ष की बैलेन्स शीट व आय व्यय, लेखा तथा अनुभव प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा।
8. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार निगम में निहित होगा। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम दर अथवा निविदा स्वीकार ही की जाय।
9. नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के लिखित अनुमोदन के बगैर स्वीकृति मान्य नहीं होगी।
10. निविदा में सम्मिलित होने हेतु व्यक्ति संस्था उत्तराखण्ड राज्य में पंजीकृत होनी अनिवार्य है।
11. निविदादाता पर नगर निगम की कोई देय निविदा तिथि तक शेष नहीं होनी चाहिए, इस आशय का स्व–प्रमाण पत्र निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
12. इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निविदा पत्र के साथ संस्था का पंजीकरण प्रमाण पत्र आदि अभिलेख संलग्न करने अनिवार्य हैं।
13. किसी भी शर्त का उलंघन करने पर नगर निगम को अधिकार होगा कि वह निविदा को निरस्त कर दें।
14. उपकरण की आपूर्ति उपरांत प्रयोग हेतु installation/fitting की आवश्यकता होती है उनकी installation/fitting का दायित्व निविदादाता का होगा जिसके पूर्ण न किये जाने तक वह भुगतान का पात्र नहीं माना जायेगा।
15. अतः सर्व साधारण एवं इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.02.2019 की अपराहन 3.00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 4.00 बजे खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते रू0 500+GST@12% के नकद भुगतान पर वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय से दिनांक 25.02.2019 तक क्रय किये जा सकते हैं। निविदा सूचना नगर निगम देहरादून के वेबसाईट http://nagarnigamdehradun.com पर भी उपलब्ध रहेगा।
16. उपकरण की गुणवत्ता के विषय में संतुष्ट न होने पर निविदा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त को होगा, जिस विषय में कोई भी शिकायत स्वीकार्य नहीं होगी।

उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए विभाग द्वारा फर्म को केवल एक बार ही सूचित किया जाना पर्याप्त होगा।

---

मैने उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लिया है यदि यह निविदा स्वीकृत होती है तो मैं/हम उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का पालन करते हुए निर्धारित अवधि में कार्य करने एवं भुगतान करने हेतु सहमत हूँ/है। मैंने कार्य सम्बन्धी सभी विवरण देख लिये है व समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है।

हस्ताक्षर प्राधिकृत फर्म प्रतिनिधि.................................................

नामः ....................................................................

पताः ....................................................................

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी
नगर निगम देहरादून।

देo दून क्यु नं0..........
निविदा फार्म का मूल्य रू0 500+GST@12%

## नगर निगम देहरादून

नीचे लिखे कार्य के लिए सीलबंद लिफाफों में निविदा दिनांक 26.02.2019 की अपराह्न 3:00 बजे तक पशुचिकित्सा अनुभाग, नगर निगम, देहरादून कार्यालय में जमा कर देना चाहिए जो कि उसी दिन सायं 4:00 बजे खोली जाएँगी।

**कार्य का नाम**– नगर निगम देहरादून के पशुवधशाला पर पशुओं के निश्चेतन हेतु Stungun आपूर्ति की किया जाना।

| क0सं0 | कार्य का नाम | धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | नगर निगम देहरादून के पशुवधशाला पर पशुओं के निश्चेतन हेतु Stungun आपूर्ति की किया जाना। | |
| 2. | Installation/Fitting | |
| | कुल योग | |

हस्ताक्षर निविदादाता

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी
नगर निगम देहरादून